प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 01.06.2025 समय : 01:00 पी.एम.

रक्षा मंत्रालय ने सशस्त्र बलों की आधुनिकीकरण प्रकिया को तेज करने के लिए हथियारों की खरीद जल्दी करने के कई उपाय शुरू किए हैं रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने बताया कि इस पहल से लगभग 69 सप्ताह की बचत होगी और मौजूदा जरूरतों के अनुरूप 2020 नियमों को संशोधित किया जा रहा हैं कल नई दिल्ली में रक्षा कॉनक्लेव में उन्होंने कहा कि मंत्रालय ने रक्षा सामग्री की खरीद में लगने वाले समय को पहले ही कम कर दिया हैं रक्षा मंत्रालय ने वर्ष 2025 को सैन्य सुधार वर्ष घोषित किया हैं ताकि सेना में आधुनिक तकनीक का समावेश हो सके और सेना नई चुनौतियों के लिए तैयार रहें

..............................................................

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण– एन.आई.ए. ने पाकिस्तान के लिए जासूसी के मामले में, आठ राज्यों में 15 स्थानों पर तलाशी ली हैं यह छापेमारी राजस्थान सहित दिल्ली, मुंबई, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, असम और पश्चिम बंगाल के संदिग्ध ठिकानों पर की गई इस दौरान कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, संवेदनशील आर्थिक दस्तावेज और अन्य आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई एन.आई.ए. ने इस सिलसिले में एक आरोपी की गिरफ्तारी के बाद मामला दर्ज किया था जो वर्ष 2023 से पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी को राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी संवेदनशील जानकारी दे रहा थां

..............................................................

25वीं फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल पहल के तहत आज देशभर में दो हज़ार से अधिक स्थानों पर विशेष तिरंगा रैली आयोजित की गई युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने राजधानी दिल्ली में इसका नेतृत्व कियां

..............................................................

कार्यक्रम में, ओलंपिक पदक विजेता खिलाड़ी और मनोरंजन जगत की प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं इस दौरान सशस्त्र बलों के शहीदों को सामूहिक श्रद्धांजलि भी दी गईं

..............................................................

अंतरराष्ट्रीय बाल रक्षा दिवस के अवसर पर आज मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बच्चों के अधिकारों और सुरक्षा को लेकर महत्वपूर्ण संदेश दियां उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि "सुरक्षित बचपन ही सशक्त राष्ट्र की नींव है!" मुख्यमंत्री ने हर बालक और बालिका के अधिकारों की रक्षा करने, उनके सर्वांगीण विकास, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समुचित स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने की अपील की हैं उन्होंने प्रदेशवासियों, शिक्षकों, अभिभावकों और समाज के हर वर्ग से आह्वान किया कि वे बाल संरक्षण के इस संकल्प में सहभागी बनें

..............................................................

आज विश्व दुग्ध दिवस हैं यह दिवस आजीविका के प्रमुख स्रोत के रूप में दूध के महत्व को रेखांकित करने के लिए मनाया जाता हैं वैश्विक स्तर पर, दूध उत्पादन प्रति वर्ष दो प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है, लेकिन भारत में इसकी वृद्धि दर पांच दशमलव सात प्रतिशत हैं आज दुनिया का एक–चौथाई दूध उत्पादन भारत में होता हैं इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सभी किसानों और पशुपालको को शुभकामनाएं दी हैं सोशल मीडिया पोस्ट पर अपने संदेश में श्री शर्मा ने कहा कि दूध उत्पादन के क्षेत्र में किसानों और पशुपालकों का सतत परिश्रम और समर्पण न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करता है, बल्कि पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी अहम भूमिका निभाता हैं

..............................................................

प्रदेश में नये पश्चिमी विक्षोभ के असर से कल से कई क्षेत्रों में आंधी–बारिश की संभावना हैं मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि 2 से 4 जून के दौरान दोपहर बाद तेज मेघगर्जन और आंधी तथा बारिश की गतिविधियां दर्ज होने के प्रबल आसार हैं आगामी 4–5 दिन अधिकतम तापमान 45 डिग्री से नीचे दर्ज होने की संभावना हैं इससे पहले कल अलवर, धौलपुर, झुंझुनूं सहित करीब आधा दर्जन शहरों में हल्की से मध्यम बारिश हुई प्रदेश के 15 शहरों का दिन का तापमान 40 डिग्री के पार दर्ज किया गयां 44

दशमलव 2 डिग्री के साथ श्रीगंगानगर का दिन और 29 दशमलव 8 डिग्री सैल्सियस के साथ कोटा की रात सबसे गर्म रहीं

..........................................................................

परिवहन विभाग की ओर से कोटपूतली बहरोड में ओवरलोड वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गयां जिला यातायात अधिकारी सुनील सैनी ने बताया कि विभाग की छह अलग–अलग टीमों ने 15 दिन तक ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चला कर 250 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई कर तीन करोड रुपए का जुर्माना वसूला हैं

..........................................................................